प्रेस नोट *दिनांक 25.10.2025*

मिशन शक्ति" अभियान फेज-05 के अन्तर्गत नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं/बालिकाओं के साथ किये गये अपराध के विरुद्ध शून्य सहनशीलता(Zero Tolerance) की नीति के तहत जनपद पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट में 01अभियुक्त गिरफ्तार –

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान एंव मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत महिला अपराध में शून्य सहनशीलता के क्रम मे तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय के कुशल निर्देशन में दिनांक 25.10.2025 को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर धरहरा बार्डर पुल के पास से मु0अ0सं0 380/2025 धारा 87,137(2), 64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त कंचन सोनकर पुत्र रामजतन निवासी नाजोपट्टी खैराबाद थान मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

अभियुक्त का विवरण –

1. कंचन सोनकर पुत्र रामजतन निवासी नाजोपट्टी खैराबाद थान मुहम्मदाबाद जनपद मऊ

पंजीकृत अभियोग –

1. मु0अ0सं0 380/2025 धारा 87,137(2), 64(1) बीएनएस व 3/4पाक्सो एक्ट

गिरफ्तार कर्ता पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
2. हे0का0 राजबहादुर सरोज थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ।
3. रोहित कुमार यादव थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ

विदेश भेजने के नाम पर अन्जान व्यक्ति द्वारा फ्रांड की गयी 21745/- रु0 कुल धनराशि (इक्कीस हजार सात सौ पैतालिस) रुपये थाना दोहरीघाट साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना दोहरीघाट साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए यूपीआई के माध्यम से अन्जान व्यक्ति के द्वारा खाते से फ्रॉड की गयी कुल धनराशि 21745 (इक्कीस हजार सात सौ पैतालिस) रुपये, पीडित प्रशान्त गुप्ता निवासी नवापुरा थाना दोहरीघाट जनपद मऊ। आवेदक के कुल धनराशि 21745 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक प्रयास कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना दोहरीघाट के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम-

1. प्रभारी नि0 श्री राज कुमार सिंह थाना दोहरीघाट।
2. क0आ0 सुनील कुमार थाना दोहरीघाट।
3. का0 अमित कुमार मिश्रा थाना दोहरीघाट।
4. का0 चन्दन कुमार थाना दोहरीघाट।
5. म0का0 रेखा थाना दोहरीघाट।

जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम में आज दिनांक 25.10.2025 को श्रीमान् पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर समाधान/थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान समस्त थानों पर जनशिकायतों को सुना गया तथा इसके समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थानों पर 101 प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से कुल 13 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा राजस्व विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व टीम को आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराकर निस्तारण किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत थाना मधुबन द्वारा जनता इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं, अध्यापकगण द्वारा दुबारी क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालकर किया गया जागरुकता आभियान -

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 25.10.2025 को थाना मधुबन व जनता इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं, अध्यापकगण द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली मिशन शक्ति फेज-5.0 उत्तर प्रदेश सरकार का एक प्रमुख अभियान है, जिसका उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, और विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करना है। साइकिल रैली का आयोजन द्वारा इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए किया गया। यह रैली नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देने के साथ-साथ समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई।

मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई-

रैली के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 181,1076,1098, 102, 108), और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। साथ ही, महिलाओं को आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति प्रेरित किया गया।

"मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत हमारा उद्देश्य न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना भी है। यह रैली स्कूल की छात्राओं कि शक्ति और साहस का प्रतीक है, जो समाज को यह संदेश देती है कि महिलाएँ हर क्षेत्र में सक्षम और सशक्त हैं।मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत मऊ पुलिस द्वारा एंटी-रोमियो दस्तों का गठन कर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जायेगी तथा स्कूलों/कॉलेजों/ गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक किया जायेगा। इस दौरान सभी संबधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।